दिल्ली के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में 170 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्योग नगर से की शुरुआत, 15 किलोमीटर सड़कों और 34 किलोमीटर वर्षाजल निकासी व्यवस्था का होगा विकास

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने के लिए 170 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पीरागढ़ी स्थित उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में इन कार्यों का शुभारंभ किया।

परियोजनाओं का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों, कारोबारियों, श्रमिकों और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार के अनुसार, इन कार्यों से सड़कों की स्थिति सुधरेगी, जलभराव की समस्या कम होगी और औद्योगिक क्षेत्रों में आवागमन आसान बनेगा। परियोजना के तहत लगभग 15 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और सुधार किया जाएगा। इसके अलावा करीब 34 किलोमीटर लंबी वर्षाजल निकासी व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि बारिश के दौरान पानी जमा होने की समस्या से राहत मिल सके।

औद्योगिक क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क, नालियों और जल निकासी से जुड़ी शिकायतें सामने आती रही हैं। सरकार का कहना है कि इन बुनियादी कमियों को दूर करना उसकी प्राथमिकता है।

▪ इन क्षेत्रों में होंगे कामः विकास कार्य उद्योग नगर, जीटीके उद्योग नगर, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, लॉरेंस रोड, रामा रोड, डीएलएफ, मोती नगर, नांगलोई जाट और ओखला औद्योगिक क्षेत्र के एस-ब्लॉक में किए जाएंगे। इन इलाकों में सड़क सुधार और जल निकासी के साथ भूमिगत उपयोगिता डक्ट भी बनाए जाएंगे। इन डक्ट के माध्यम से बिजली, पानी और दूरसंचार जैसी सेवाओं की लाइनें व्यवस्थित की जा सकेंगी। इससे भविष्य में मरम्मत या नई लाइन डालने के लिए बार-बार सड़कों की खुदाई की जरूरत कम होगी।

▪ उद्योग मंत्री ने बताई प्राथमिकताः कार्यक्रम में उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में केवल नई सड़कें बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके नियमित रखरखाव पर भी ध्यान देना जरूरी है। बेहतर आधारभूत ढांचे से कारोबार की लागत घटाने और कामकाज सुचारु बनाने में मदद मिल सकती है।

▪ रोजगार और कारोबार पर नजरः मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि बेहतर सड़कें और निकासी व्यवस्था कारोबारियों को राहत देंगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होंगी। हालांकि, परियोजनाओं का वास्तविक लाभ कार्यों की गुणवत्ता, समय पर पूरा होने और नियमित रखरखाव पर निर्भर करेगा।

हाईजैक अलर्ट के बाद एअर इंडिया विमान की जयपुर में आपात लैंडिंग

एजेंसी | जयपुर

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान एआई-2030 को बुधवार सुबह सुरक्षा अलर्ट मिलने के बाद जयपुर में आपात स्थिति में उतारा गया। बोइंग 787-9 विमान के अपहरण की आशंका से जुड़े संकेत के बाद हवाई यातायात नियंत्रण और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। विमान सुबह करीब 9:35 से 9:45 बजे के बीच जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। विमान में सवार सभी 306 यात्रियों के सुरक्षित होने की जानकारी सामने आई है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, विमान के ट्रांसपोंडर से अंतरराष्ट्रीय आपात कोड 7500 सक्रिय हुआ था। यह कोड विमान के अपहरण या उसमें गैरकानूनी हस्तक्षेप का संकेत देता है। इसके बाद उड़ान को दिल्ली के बजाय जयपुर की ओर मोड़ दिया गया। विमान को हवाई अड्डे के अलग-थलग निर्धारित स्थान पर ले जाकर सुरक्षा जांच की गई। यात्रियों और उनके सामान की भी जांच की गई।

शुरुआती रिपोर्टों में आशंका जताई गई कि पायलट की गलती से यह संकेत सक्रिय हुआ होगा। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान पायलट ने किसी गलती से इनकार किया। अलर्ट कैसे और किन परिस्थितियों में सक्रिय हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की जांच की बात कही है।

कालका विधानसभा में विकास के नाम पर हवा-हवाई दावे : विजय बंसल

मैनपाल | कालका
समर न्यूज़

कालका-पिंजौर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी गति को

लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शिवालिक विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल ने भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विधायक, राज्यसभा सांसद और नगर परिषद अध्यक्ष भाजपा के होने के बावजूद क्षेत्र विकास के मामले में काफी पिछड़ चुका है। सरकार केवल हवा में आंकड़ों का खेल खेल रही है, जबकि धरातल पर जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है।

बंसल ने क्षेत्र की कई प्रमुख समस्याओं को उजागर करते हुए बताया कि पिंजौर स्थित एचएमटी ट्रैक्टर फैक्ट्री को दोबारा चालू करने का वादा झूठा साबित हुआ है।

नीट पेपर लीक मामले में 14वें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में बुधवार को दिल्ली की अदालत में 14वें आरोपी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। यह आरोपपत्र महाराष्ट्र के नांदेड़ निवासी शेषराव बजरंग सूर्यवंशी उर्फ राज सूर्यवंशी के खिलाफ पेश किया गया है। उसे दो सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि सूर्यवंशी ने इस मामले के सह-आरोपी शुभम खैरनार के साथ मिलकर प्रश्नपत्र लीक करने में अहम भूमिका निभाई। सीबीआई इससे पहले मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। मोबाइल फोन से हटाई गई वॉट्सऐप चैट और लीक हुए प्रश्नपत्रों की पीडीएफ फाइलें बरामद होने के बाद कथित साजिश से जुड़े अहम तथ्य सामने आए। इन डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की गई।

रेस्टोरेंट में आग, खिड़की से कूदकर बचाई जान

▪ मौजपुर में किचन में लगी आग से अफरा-तफरी, बच्चों को पहली मंजिल से नीचे उतारा; कोई घायल नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मौजपुर इलाके में मंगलवार रात एक रेस्टोरेंट के किचन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए कुछ लोग पहली मंजिल की खिड़की से नीचे कूद गए। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें कुछ लोग बच्चों को खिड़की से नीचे मौजूद लोगों की ओर छोड़ते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, जाफराबाद क्षेत्र के पास स्थित उधम रेस्टोरेंट में रात करीब 10:34 बजे आग लगी। किचन से आग उठती देखकर वहां मौजूद लोग घबरा गए और सुरक्षित बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। कुछ लोगों ने सीढ़ियों या दूसरे रास्तों से निकलने के बजाय पहली मंजिल की खिड़की से नीचे उतरने का प्रयास किया। बच्चों को नीचे खड़े लोगों की मदद से सुरक्षित उतारा गया।

▪ दमकल पहुंचने से पहले बुझाई आगः आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी घटनास्थल के लिए रवाना की गई। हालांकि, दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले ही रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था।

बंगा में तेज रफ्तार बेकाबू स्कॉर्पियो ने सात दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

हादसे में लाखों का नुकसान, गाड़ी चालक के परिवार के दो सदस्य घायल

जगदीश लाल | बंगा
समर न्यूज़

बंगा के मुकुंदपुर रोड पर मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि करीब 12:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो-एन गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित सात दुकानों में जा घुसी। इस दर्दनाक घटना में दुकानों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक परमिंदर सिंह अपने परिवार के साथ लुधियाना में एक शादी समारोह से अपने गांव मैंग्रोवाल (थाना महलपुर) लौट रहा था।

बंगा पहुंचने पर ओवरस्पीड के कारण गाड़ी बेकाबू हो गई और अवतार सिंह लल्ह की प्लास्टिक की दुकान के करीब ढाई फीट ऊंचे थड़े पर जा चढ़ी। गनीमत रही कि रात का समय होने के कारण बड़ा जानी नुकसान टल गया, लेकिन हादसे में चालक के परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना सिटी बंगा के एएसआई नरेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पीड़ित दुकानदारों में भारी रोष है। दुकानदार अवतार सिंह, ममता देवी (सैलून और गारमेंट्स) और किराना व्यापारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि उनका भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनके नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होती, वे दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को वहां से हटने नहीं देंगे। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए इस व्यस्त मार्ग पर रात में बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए।

डॉ. आसा नंद स्कूल के खिलाड़ियों ने कई श्रेणियों में हासिल किए मेडल

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

जिला स्कूल गेम्स में, डॉ. आसा नंद स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया ।विजेता खिलाड़ियों में हर साहिब सिंह (डिस्कस थ्रो, अंडर-14 कैटेगरी में गोल्ड मेडल।)

हरसिमरत कौर (डिस्कस थ्रो, अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी में गोल्ड मेडल और शॉट पुट में सिल्वर मेडल), सुखमनदीप कौर (100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल), केशव जांगड़ा (डिस्कस थ्रो, अंडर-19 कैटेगरी में गोल्ड मेडल), रिया जोशी (डिस्कस थ्रो, अंडर-17 कैटेगरी में सिल्वर मेडल) स्कूल डायरेक्टर मैडम

अचला भल्ला ने कहा कि मेहनत, लगन और स्पोर्ट्समैनशिप ने पूरे स्कूल को गौरव प्रदान किया।

पंचकूला में अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन सख्त, 3 माह में 12 तोड़फोड़ अभियान चलाए

▪ दो नई अनधिकृत कॉलोनियों की पहचान, 3 मामलों में एफआईआर के लिए पुलिस को दी शिकायत

श्री राम। पंचकूला

पंचकूला जिले में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जुलाई से सितंबर 2026 के बीच जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम ने 12 तोड़फोड़ अभियान चलाकर अवैध कॉलोनियों के सड़क नेटवर्क और डीपीसी को ध्वस्त किया।

वहीं, शहरी क्षेत्र में दो नई अनधिकृत कॉलोनियों की पहचान कर उनके खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं। तीन मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को शिकायतें भी दी गई हैं। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को अवैध निर्माणों के खिलाफ नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए।

12 गांवों में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाईः जिला नगर योजनाकार बबीता गुप्ता ने बैठक में बताया कि तीन महीने के दौरान बरवाला, लहरोंडी, कोना, चरनिया, बतौड़, बहला, भगवानपुर, गोलपुरा, टपरिया, गोरखनाथ, खोखरा और बासघाटी की राजस्व संपदाओं में कार्रवाई की गई।

तीर्थ यात्रा योजना के तहत खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन के लिए बस रवाना

अभिषेक जलौटा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना पंजाब सरकार की तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज वार्ड नंबर 72 से श्रद्धालुओं की बस को काउंसलर कपिल कुमार सोनू ने रवाना किया। यह बस श्रद्धालुओं को खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन करवाने के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर काउंसलर कपिल कुमार सोनू ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के साथ जोड़ना है। बस रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने यात्रा की व्यवस्था के लिए पंजाब सरकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रद्धालु धार्मिक यात्रा को लेकर उत्साहित नजर आए इस मौके पर पार्षद कपिल कुमार सोनू, कृष्ण गोपाल राजू,अजय डंग,रविंदर सिंह वड़ैच मौजूद रहे।

वार्ड 30 में जरूरतमंदों को बांटी राशन किटें पार्षद भारती ने सीएम मान का जताया आभार

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

वार्ड नंबर 30 में जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए राशन किटें वितरित की गईं। इस दौरान लुधियाना सेंट्रल के विधायक अशोक पराशर पप्पी और पार्षद निक्कू भारती की अगुवाई में जरूरतमंद लोगों को राशन किटें बांटी गईं। इस मौके पर पार्षद निक्कू भारती ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधायक अशोक पराशर पप्पी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना और उनकी समस्याओं को दूर करना है। निक्कू भारती ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार जनकल्याण के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में भी भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी में जप-तप चौपहरा समागम आयोजित

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, लुधियाना में जप-तप चौपहरा समागम श्रद्धा और उत्साह के साथ करवाया गया। इस अवसर पर विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। समागम के दौरान संगत ने सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, प्रबंधक कमेटी की ओर से संगत के लिए गुरु के लंगर के विशेष प्रबंध किए गए और अटूट लंगर बरताया गया। इस अवसर पर मुख्य सेवादार सुरिंदर पाल सिंह बिंदरा, जनरल सचिव सुखविंदर पाल सिंह सूदन, नवप्रीत सिंह बिंदरा, हरप्रीत सिंह राजधानी, जसविंदर सिंह सोढ़ी, अमरपाल सिंह सूदन तथा गुरुद्वारा साहिब के ट्रस्टी अमरजीत सिंह ढिल्लों ने समागम में पहुंची संगत का धन्यवाद किया।

नवरात्रों में मां भगवती की आराधना से मिलता है शक्ति, सदाचार का संदेश : अमन ऋषि जैन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में साप्ताहिक हवन यज्ञ एवं संध्या चौकी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य सिद्ध दरबार में विराजमान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि, सनातन धर्म की उन्नति एवं समस्त मानव कल्याण की प्रार्थना की। संध्या चौकी में भजन गायक एवं पार्टी ने मधुर भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज के चरणों में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर श्री सालासर धाम एवं श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम के पावन छींटे श्रद्धालुओं पर किए गए।

श्री बालाजी महाराज के समक्ष पवित्र ध्वज फहराकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मानव कल्याण की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया व श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन व उपप्रधान अनुज मदान ने नवरात्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्र का पावन पर्व मां भगवती की शक्ति का प्रतीक है।

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा लुधियाना, चांदी के रथ पर निकली प्रभु श्रीराम की भव्य बारात

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में श्री रामलीला कमेटी (रजि.), श्री रामलीला मैदान दरेसी की ओर से ठाकुरद्वारा नौहरियां से प्रभु श्रीराम की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई। बैंड-बाजों, धार्मिक झांकियों और जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बारात से पहले ठाकुरद्वारा नौहरियां में महंत गौरव दास ने प्रभु श्रीराम के सिंहासन का पूजन किया। इसके बाद पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और भाजपा नेत्री राशि अग्रवाल ने चांदी के भव्य रथ का पूजन कर बारात को रवाना किया। प्रभु श्रीराम की आरती दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी प्रकाशानंद, श्री सनातन धर्म महोत्सव कमेटी के महासचिव अश्वनी चोपड़ा, भाजपा नेता उमा दत्त शर्मा, पूर्व पार्षद अनिल पारती, दाल बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के सुरेश राजा धीर, बिट्टू गुंबर, केके सूरी, विनय धीर और श्री महाकाल सेवा सोसायटी के कपिल जुनेजा मोनू ने की।

बारात ठाकुरद्वारा नौहरियां से शुरू होकर रूपा मिस्त्री गली, चौक हीरा हलवाई, इकबाल गंज चौक, माता वैष्णो देवी मंदिर चौक, चौड़ी सड़क, चौक निक्का मल सर्राफ, चौड़ा बाजार, गिरजाघर चौक और प्रताप बाजार से होते हुए श्री रामलीला मैदान दरेसी पहुंचकर संपन्न हुई।

फिल्लौर में श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित ड्रोन शो

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित करवाए जा रहे विशेष समागमों की कड़ी के तौर आज विधानसभा हलका फिल्लौर में शानदार ड्रोन शो करवाया गया।

इसमें लोगों ने भारी संख्या में शामिल होकर गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं से मार्गदर्शन प्राप्त किया। फिल्लौर में करवाए गए इस शो के दौरान करीब 500 ड्रोनों ने आसमान में उड़ते हुए विभिन्न आकृतियां सृजित करके श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, दर्शन और महान विचारधारा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। इस अवसर पर संगत के सामने बोलते हुए हलका इंचार्ज हरजोत कौर लोहटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब सरदार भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित बड़े समागम करवाए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि इसी कड़ी के तहत पंजाब सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में ड्रोन शो के माध्यम से लोगों को श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, दर्शन और गुरबाणी से जोड़कर प्रदेश को 'रंगला पंजाब' बनाने की विशेष पहल शुरू की गई है, जिसका समाज के हर वर्ग द्वारा भरपूर स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

पीएपी अकादमी फिल्लौर में एनडीपीएस एक्ट पर दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

महाराजा रणजीत सिंह पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर में पंजाब पुलिस की फील्ड इकाइयों में तैनात हेड कांस्टेबलों के लिए एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट) पर दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करी से संबंधित कानूनों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता को मजबूत करना और एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की जांच की गुणवत्ता में सुधार करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और विशेषज्ञों ने एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों तथा इसके तहत की जाने वाली जांच के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि नशा तस्करी से जुड़े मामलों की जांच निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार की जाए, ताकि जांच को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित और तथ्यपरक बनाया जा सके।

कार्यक्रम में पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), अभियोजन विभाग तथा पंजाब पुलिस अकादमी की आईटी एवं फोरेंसिक टीम के अधिकारियों और विशेषज्ञों सहित अन्य संसाधन व्यक्तियों ने विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए।